कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय / HEAD OFFICE
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi - 110066
Website : www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

**वेब परिचालन**

ख्या : क.भ.नि.सं./नराकास/दक्षिण दिल्ली-।/2017/वॉल-।।/बैठक /1238 दिनांक : 07/02/2025

सेवा में,

सभी फील्ड कार्यालयों के प्रमुख
उत्तर भारत एवं मध्य भारत (हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान,
पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तर प्रदेश,
उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा,
दमन दीव, दादरा एवं नगर हवेली)

**विषय : राजभाषा विभाग , गृह मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा उत्तर क्षेत्र-। तथा उत्तर क्षेत्र-।। तथा मध्य क्षेत्रों एवं पश्चिम क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का दिनांक 17, फरवरी , 2025 को जयपुर , राजस्थान में आयोजन के संबंध में।**

**संदर्भ : राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के उत्तरी क्षेत्र कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली का पत्र फा.सं. क्षे.रासम्मे./जयपुर/2025/उक्षेकाका-1(दि)/1153 दिनांक 24 जनवरी, 2025**

महोदय / महोदया,

उक्त विषय के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि दिनांक 17 फरवरी, 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किए जाने वाले सम्मेलन हेतु कार्यालय प्रमुख अपने मौजूदा कार्यभार को देखते हुए अपनी सुविधा एवं विवेक से एक अथवा अधिक अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रतिभागी के रूप में नामित कर सकते हैं।

**(अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त(मुख्यालय), प्रभारी राजभाषा के अनुमोदन से जारी)**

**भवदीया,**

**(वीणा रानी यादव)**
**निदेशक (राजभाषा)**

भारत सरकार/GOVT. OF INDIA
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, (DEPTT. OF O.L.)
उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय- 1 (दिल्ली)
NORTHERN REGIONAL IMPLEMENTATION OFFICE-1 (DELHI)
तृतीय तल, त्रिकूट-II, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के.पुरम्, नई दिल्ली-110066
3RD FLOOR, TRIKOOT-II, BHIKAJI CAMA PLACE, R.K. PURAM, NEW DELHI-110066
दूरभाष/Telephone 011-20867260, 20867261 ईमेल/Email – ddriodel-dol@nic.in

फा.सं. क्षेरासम्मे./जयपुर/2025 /उक्षेकाका-1(दि)/ 1153 — दिनांक : 24 जनवरी, 2025

सेवा में,

अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान
जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थित सभी नराकास)

**विषय: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर-I एवं उत्तर-II तथा मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों के 'संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' का दिनांक 17 फरवरी, 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर-I एवं उत्तर-II तथा मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों के लिए "एक दिवसीय संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह" का आयोजन **दिनांक 17 फरवरी, 2025 को प्रातः 09.00 बजे से "दीप स्मृति" ऑडिटोरियम, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल कैंपस, सैक्टर-7, जोन-70, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर**, राजस्थान में किया जाएगा। सम्मेलन में वर्ष **2023-24** के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर-I एवं उत्तर-II तथा मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों में **(उत्तर क्षेत्र-I-हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख / उत्तर क्षेत्र-II- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड / मध्य क्षेत्र- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ / पश्चिम क्षेत्र-महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन दीव, दादरा एवं नगर हवेली)** स्थित केंद्रीय सरकार के विभिन्न कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

2. **माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार, श्री अमित शाह समारोह में मुख्य अतिथि होंगे तथा माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री नित्यानंदन राय विशिष्ट अतिथि होंगे।** इस अवसर पर माननीय सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा माननीय संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग सहित राजभाषा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा उक्त राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि से **लगभग 2000 वरिष्ठ अधिकारी** भी उपस्थित रहेंगे।

3. सम्मेलन में नराकास अध्यक्ष के रूप में आप तथा नराकास के सदस्य-सचिव तथा आपकी नराकास के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं उनके राजभाषा अधिकारी/राजभाषा से जुड़े कार्मिक/प्रतिनिधि सादर आमंत्रित हैं। **सम्मेलन में आने-जाने एवं ठहरने की व्यवस्था प्रतिभागियों को स्वयं करनी होगी।**

4. **आपसे अनुरोध है कि इस पत्र को तथा राजभाषा विभाग के दिनांक 24.01.2025 के कार्यालय ज्ञापन सं.12016/32/2025-रा.भा.(का-2) (प्रतिलिपि संलग्न) को अपने नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों में इस अनुरोध के साथ परिचालित करवाने का कष्ट करें कि प्रत्येक सदस्य कार्यालय से कम से कम 04 अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन में अवश्य भाग लें। साथ ही आपकी नराकास के सदस्य कार्यालयों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची इस कार्यालय को इमेल से भिजवाने की कृपा करें।**

5. **सम्मेलन में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी कृपया राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर अनिवार्यतः अपना पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। बिना पंजीकरण किए कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

कृपया व्यवस्था पर प्रस्तुत करें। 27/1/2025

भवदीय,

(कुमार पाल शर्मा)
संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन

प्रतिलिपि :
1. उप सचिव (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, बी-विंग, चौथा तल, एनडीसीसी-II भवन, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001

सं. 12016/32/2025-रा.भा. (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग (का.2)

***

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001,
दिनांक: 24.01.2025

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: जयपुर में 17 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के संबंध में ।**

विदित है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा **उत्तर-1, उत्तर-2, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों** को मिलाकर एक संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 17 फरवरी 2025 को दीपस्मृति ऑडिटॉरियम, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है।

2. इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों द्वारा उपरोक्त क्षेत्रों के वर्ष 2023-24 के क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में मध्य व पश्चिम तथा उत्तर-1 व उत्तर-2 क्षेत्रों के केन्द्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं नराकासों आदि के अधिकारीगण भाग लेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 537 नराकास कार्यरत हैं, जिनमें से उपरोक्त चारों **क्षेत्रों** में कुल 317 नराकास गठित हैं। अतः दिल्ली, गाजियाबाद, मुंबई एवं भोपाल कार्यालय के प्रमुख यह सुनिश्चित करवाएं कि **उत्तर-1, उत्तर-2, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों** में गठित नराकासों से उक्त सम्मेलन में अपनी-अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 04 अधिकारियों/ कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर जाकर पंजीकरण कराना होगा।

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)

प्रति- दिल्ली, गाजियाबाद, मुंबई एवं भोपाल के क्षे.का.का. के प्रमुख ।

अ.शा. पत्र सं. 12016/32/2025-रा.भा.(का.2)

डॉ० मीनाक्षी जौली
संयुक्त सचिव
DR. MEENAKSHI JOLLY
JOINT SECRETARY
Telefax : 23438130
E-mail : jsol@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
4th FLOOR, N.D.C.C.-II BHAWAN,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

महोदया / महोदय,

दिनांक- 24 जनवरी, 2025

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा **उत्तर-1, उत्तर-2, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों** को मिलाकर एक संयुक्त **क्षेत्रीय** राजभाषा सम्मेलन का आयोजन **17 फरवरी 2025** को दीपस्मृति ऑडिटॉरियम, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है।

2. इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों द्वारा उपरोक्त क्षेत्रों के वर्ष 2023-24 के क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में मध्य व पश्चिम तथा उत्तर-1 व उत्तर-2 क्षेत्रों के केन्द्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं नराकासों आदि के अधिकारीगण भाग लेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में कुल 537 नराकास कार्यरत हैं, जिनमें से उपरोक्त चारों क्षेत्रों में कुल 317 नराकास गठित हैं। **उत्तर-1, उत्तर-2, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों** में गठित नराकासों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 04 अधिकारियों/ कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर जाकर पंजीकरण कराना होगा।

सादर,

शुभेच्छु,

मीनाक्षी जौली

(मीनाक्षी जौली)

प्रति- संबंधित क्षेत्रों के नराकासों के अध्यक्ष ।